# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरा0

## जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय, मुरादाबाद की अध्यक्षता में गठित "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" (DWSM) समिति की दिनांक 04.11.2022 को आयोजित दशम बैठक का कार्यवृत्त

जिलाधिकारी महोदय, मुरादाबाद की अध्यक्षता में प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन नमामि गंगे जलापूर्ति अनुभाग–1 के शा0सं0 95/छिहत्तर–1–2020–20 स्वजल/2010 टी0सी0–अ लखनऊ दिनांक 21 जनवरी 2020 के द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता मिशन जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जारी दिशा–निर्देशो के अनुरूप जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के संगणनात्मक स्वरूप को और सुदृढ बनाने तथा ग्रामीण पेयजल कार्यक्रमो के प्रभावी क्रियान्वयन तथा मूल्यांकन तथा उनके अनुश्रवण हेतु शासनादेश सं0 2211/38–5–2010–20 स्वजल/2010 (टी0सी0–अ), दिनांक 29 नवम्बर 2010 को संशोधित करते हुये जनपद स्तर पर गठित **"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन"** समिति की दशम बैठक 04.11.2022 को आयोजित की गयी है जिसमें निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया :–

1. मुख्य विकास अधिकारी — सदस्य
2. जिला विकास अधिकारी — सदस्य
3. प्रभागीय वनाधिकारी स्वय अथवा उनके द्वारा नमित सदस्य — सदस्य
4. जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, — सदस्य
5. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, — सदस्य
6. अधिशासी अभियन्ता वाटर रिसोर्सेस/सिंचाई — सदस्य
7. अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर, — सदस्य
8. जिला कृषि अधिकारी, — सदस्य
9. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, — सदस्य
10. जिला पचायत राज अधिकारी, मुरादाबाद — सदस्य
11. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) — सदस्य (सचिव)
12. कार्यकारी एजेन्सी–
    1. M/s NKG Primus JV New Delhi के प्रतिनिधि, श्री अरविन्द सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर

अधिशासी अभियन्ता एवं सदस्य (सचिव), खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद द्वारा अवगत कराया गया है कि :–

**जल जीवन मिशन (फेस–3)** अर्न्तगत राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (SWSM) द्वारा ग्रामीण पेयजल आपूर्ति हेतु M/s NKG Primus JV New Delhi को अनुबन्ध सं0 11/ई0डी0/फेस–3/2021–22 दिनांक 07.01.2022 के द्वारा सूचीबद्ध किया गया है, अध्यक्ष महोदय की स्वीकृति उपरान्त 435 ग्राम पंचायतों के 680 राजस्व ग्रामों की सूची उपलब्ध करा दी गई है। चयनित फर्म द्वारा SWSM तथा जल निगम मुख्यालय द्वारा दिए गए निर्देशानुसार जनपद में 47 राजस्व ग्राम/31 ग्राम पंचायतो हेतु 27 नग पेयजल योजनाओं की डी0पी0आर0 प्रस्तुत की गई है।

समस्त प्रस्तुत डी0पी0आर0 को SWSM तथा जल निगम द्वारा समय–समय पर निर्गत विभिन्न तकनीकी गाइडलाइन के अनुरूप जाँच करने के उपरान्त तकनीकी रूप से अर्ह पाया गया तथा सक्षम स्तर से हस्ताक्षरित है। डी0पी0आर0 की कुल लागत में वर्क कॉस्ट 2 प्रतिशत कन्टीजेन्सी, 12.50 प्रतिशत विभागीय सैंटेज तथा 18.00 प्रतिशत जी0एस0टी0 को सम्मिलित किया गया है। SWSM द्वारा दी गई गाइडलाइन के अनुसार 12.50 प्रतिशत सैटेंज के व्यय का प्राविधान राज्यांश में किया गया है तथा इसके अतिरिक्त 10 वर्ष हेतु Operation and Maintenance हेतु व्यय का भी प्राविधान राज्यांश में ही किया गया है।

शासनादेश सं0–51/2021/1883/छिहत्तर–1–2021–25सम/2019, दिनांक–06.08.2021 के अनुसार रू0 5.00 करोड से कम लागत की योजनाओं की स्वीकृति जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा एवं रू0 5.00 करोड से अधिक लागत की योजनाओं की स्वीकृति राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा प्रदान की जानी हैं। इसके अतिरिक्त शासनादेश 53/2021/ 2774/छिहत्तर–1–2021 ई–फाइल सं0–76–1099/165/ 2021–1 नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग–1 लखनऊ दिनांक 05 अक्टूबर 2021, एवं शासनादेश 2729/2021/2650/छिहत्तर–1–2021 ई–फाइल सं0–76–1099/165 /2021–1 नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग–1 लखनऊ दिनांक 28 सितम्बर 2021 एवं दिनांक 11.08.2022 को सम्पन्न SLSSC की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार योजना हेतु Per Capita Cost जो की रू0 7000.00 से कम है।

अतः उपरोक्तानुसार फर्म द्वारा प्रस्तुत एवं उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण के सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति उपरान्त उक्त 27 नग पेयजल योजनाओं के प्राक्कलन जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन मुरादाबाद को इस बैठक में निम्न विवरणानुसार अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है एवं विस्तृत विवरण संलग्नक–1 के अनुसार है :–

| | योजना का नाम | ब्लॉक का नाम | योजना में सम्मिलित ग्रामों की संख्या | योजना में प्रस्तावित FHTC की संख्या | वर्क कॉस्ट (लाख) | सेंटेज (लाख) | कुल लागत (लाख) | प्रति व्यक्ति लागत अभिकल्पित वर्ष (रु.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| **जल जीवन मिशन फेस–3 के अन्तर्गत M/s NKG Primus JV New Delhi द्वारा प्रस्तुत डी०पी०आर० विवरण** | | | | | | | | |
| 1 | Dalpuri Bamania Mustahkam GP WSS | Bhagatpur Tanda | 2 | 1086 | 425.52 | 45.08 | 470.59 | 4185 |
| 2 | Karya Nagla Sani GP WSS | Bhagatpur Tanda | 1 | 559 | 193.08 | 20.45 | 213.53 | 5357 |
| 3 | Tah Madan GP WSS | Bhagatpur Tanda | 1 | 788 | 275.1 | 29.14 | 304.24 | 4934 |
| 4 | Kankar Khera GP WSS | Bhagatpur Tanda | 1 | 383 | 190.39 | 20.17 | 210.56 | 6385 |
| 5 | Nosna Soondra GP WSS | Bilari | 2 | 492 | 252.75 | 26.77 | 279.52 | 6004 |
| 6 | Devari and Khanpur GP WSS | Bilari | 3 | 1216 | 344.68 | 36.51 | 381.19 | 6084 |
| 7 | Nagla Goojar GP WSS | Bilari | 2 | 325 | 203.81 | 21.59 | 225.4 | 6704 |
| 8 | Baroli Rustampur and Gopalpur Umra GP WSS | Bilari | 4 | 771 | 465.7 | 49.33 | 515.03 | 6686 |
| 9 | Dehra Nikat Umri GP WSS | Chhajlet | 1 | 817 | 285.3 | 30.22 | 315.52 | 4475 |
| 10 | Mundia Mohuddinpur GP WSS | Dilari | 1 | 369 | 182.22 | 19.30 | 201.53 | 6534 |
| 11 | Sihali Khaddar GP WSS | Dilari | 1 | 904 | 447.04 | 47.36 | 494.39 | 4712 |
| 12 | Rajpur Kesharwala GP WSS | Dilari | 1 | 1108 | 383.72 | 40.65 | 424.37 | 4287 |
| 13 | Roshanpura GP WSS | Dilari | 2 | 333 | 206.82 | 21.91 | 228.73 | 6549 |
| 14 | Masebi Rasoolpur GP WSS | Dingerpur | 1 | 826 | 276.36 | 29.28 | 305.64 | 4401 |
| 15 | Mehloli and Gajoopur GP WSS | Dingerpur | 3 | 1212 | 530.05 | 56.15 | 586.2 | 4637 |
| 16 | Husainpur Hamir and Chirawali GP WSS | Dingerpur | 2 | 982 | 424.38 | 44.96 | 469.34 | 4718 |
| 17 | Hisampur GP WSS | Dingerpur | 1 | 579 | 281.69 | 29.84 | 311.53 | 5212 |
| 18 | Dhakia Jumma GP WSS | Dingerpur | 2 | 900 | 408.74 | 43.3 | 452.04 | 4386 |
| 19 | Kamalpur Fatehabad GP WSS | Dingerpur | 1 | 848 | 294.12 | 31.16 | 325.28 | 5662 |
| 20 | Dadupur Paindapur Mustahkam GP WSS | Moradabad | 3 | 630 | 296.78 | 31.44 | 328.22 | 5594 |
| 21 | Nagla Banbir GP WSS | Moradabad | 1 | 514 | 179.4 | 19.00 | 198.4 | 5853 |
| 22 | Samathal GP WSS | Moradabad | 1 | 1202 | 417.7 | 44.25 | 461.95 | 3628 |
| 23 | Saktu Nagla GP WSS | Munda Pandey | 1 | 911 | 311.58 | 33.01 | 344.59 | 4225 |
| 24 | Peepli Ahir M.S.T. GP WSS | Thakurdwara | 2 | 557 | 320.77 | 33.98 | 354.75 | 6951 |
| 25 | Dhulhapur Patti Jat GP WSS | Thakurdwara | 3 | 411 | 253.81 | 26.89 | 280.70 | 6925 |
| 26 | Padla GP WSS | Thakurdwara | 2 | 402 | 227.97 | 24.15 | 252.12 | 6995 |
| 27 | Sherpur Bahleen GP WSS | Thakurdwara | 2 | 396 | 216.32 | 22.92 | 239.24 | 6992 |
| | **Total** | | **47** | **19521** | **8295.8** | **878.81** | **9174.6** | |

आधार वर्ष 2022, मध्य वर्ष 2037 एवं अभिकल्पित वर्ष 2052 की जनसंख्या विगत 5 दशकों की जनगणना वर्ष 1971, 1981, 1991, 2001 व 2011 की जनसंख्या के आधार पर CPHEEO Manual में जनसंख्या पूर्वानुमान हेतु दी गयी विभिन्न विधियों में से 5 विधि नामत: Arithmetical Increase Method, Geometrical Increase Method, Incremental Increase method, Simple Graph Method, Semi log Graph Method द्वारा पूर्वानुमानित की गयी जनसंख्या की औसत जनसंख्या के निकट की जनसंख्या ली गयी है।

उपरोक्त समस्त 27 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं में 25 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं की जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, (DWSM) मुरादाबाद द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की जाती है एवं 5 करोड से अधिक लागत की 2 नग योजनाओं पर संस्तुति की जाती है। उक्त 27 नग योजनाओं को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, (SWSM) लखनऊ को प्रेषित करने हेतु अग्रिम आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाये तथा 5 करोड से अधिक लागत की 2 नग (क्रमांक सं0 8 एवं 15 पर अंकित) ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं को किसी सरकारी मान्यता प्राप्त तकनीकी विश्वविद्यालय/संस्थान से Vetted कराने एवं Vetted के उपरान्त राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, (SWSM) लखनऊ को प्रेषित करना सुनिश्चित किया जाये।

अधिशासी अभियन्ता
वाटर रिसोर्सेस/सिंचाई
मुरादाबाद

जिला कृषि अधिकारी
(सदस्य)
मुरादाबाद।

प्रभागीय वनाधिकारी
(सदस्य)
मुरादाबाद।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
(सदस्य)
मुरादाबाद।

जिला विकास अधिकारी
(सदस्य)
मुरादाबाद।

For अधिशासी अभियन्ता
~~वाटर रिसोर्सेस/सिंचाई~~ भूगर्भ जल
मुरादाबाद

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
(सदस्य)
मुरादाबाद।

जिला पंचायत राज अधिकारी
(सदस्य), मुरादाबाद।

अधिशासी अभियन्ता
(सदस्य सचिव)
नोडल जल जीवन मिशन,
खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम
(ग्रामीण), मुरादाबाद।

जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी
मुरादाबाद/सदस्य

मुख्य विकास अधिकारी
(सदस्य) मुरादाबाद।

जिलाधिकारी
(अध्यक्ष) जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
मुरादाबाद।